# दक्षिण अफ्रीका ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

- साउथ कोरिया को हराकर इतिहास में नाम दर्ज किया
- पहली बार राउंड ऑफ 32 में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका



**दक्षिण अफ्रीका, 25 जून. दक्षिण अफ्रीका ने फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार राउंड ऑफ 32 का टिकट हासिल कर लिया है. ग्रुप ए के मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने साउथ कोरिया को 1-0 से हराने के साथ ही नॉकआउट स्टेज में अपनी जगह पक्की की.**

दक्षिण अफ्रीका की इस ऐतिहासिक जीत के नायक थापेलो मासेको रहे, जिन्होंने मैच का इकलौता गोल दागा. साउथ अफ्रीका ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और साउथ कोरिया के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाने का प्रयास किया. शुरुआती मिनटों में ही मासेको ने एक जबरदस्त शॉट लगाया, लेकिन कोरिया के डिफेंडर ली गिह्युक बचाव करने में सफल रहे. इसके बाद एविडेंस मकगोपा और थालेंटे म्बाथा ने भी गोल करने का प्रयास किया, लेकिन साउथ कोरिया के गोलकीपर किम स्युंगग्यु ने दोनों ही बार बेहतरीन बचाव किया. पहले हाफ में दोनों ही टीमों की तरफ से कोई भी गोल नहीं हो सका. दूसरे हाफ में साउथ कोरिया ने अपनी रणनीति में बदलाव किया और टीम ने आक्रामक खेल के बूते साउथ अफ्रीका के डिफेंस पर दबाव डालने का प्रयास किया. कोच हांग म्युंग-बो ने टीम में तीन बदलाव भी किए.

स्टार खिलाड़ी सोनह्युंग-मिन को भी मौका दिया गया. हालांकि, साउथ कोरिया का यह दांव उल्टा पड़ गया. मैच के 63वें मिनट में तेशपांग मोरेमी ने बेहतरीन रन बनाते हुए पेनल्टी बॉक्स के किनारे में शानदार पास दिया, जिसका भरपूर फायदा मासेको ने उठाया. मासेको ने गेंद को नियंत्रण करते हुए बाएं पैर से बेहतरीन शॉट लगाया, जो सीधा गोल पोस्ट में पहुंचा. मासेको 22 साल और 225 दिन की उम्र में फीफा वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका की ओर से गोल करने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने. इसके बाद साउथ कोरिया ने गोल करने के काफी प्रयास किए, लेकिन वह अफ्रीका के डिफेंस को नहीं भेद सके. 3 मुकाबलों में 4 प्वाइंट के साथ साउथ अफ्रीका ने ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट स्टेज में अपनी जगह बनाई.



## चार गोल कर मोरक्को पहुंचा अगले दौर

**सिएटल.** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप सी मुकाबले में मोरक्को ने शानदार वापसी करते हुए हैती को 4-2 से हराया. इस जीत के साथ ही मोरक्को ने राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की कर ली है. मोरक्को की राउंड ऑफ 32 में ग्रुप एफ में पहले स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ंत होगी. इस हार के साथ ही हैती का नॉकआउट स्टेज में पहुंचने का सपना भी टूट गया है. इस मुकाबले में हैती की टीम बिना किसी दबाव के मैदान में उतरी और टीम ने 10वें मिनट में ही पहला गोल करके हर किसी को चौंका दिया. जीन-केविन डुवर्न के शानदार पास पर लेनी जोसेफ ने बेहतरीन बैकहील फ्लिक लगाई और गेंद मोरक्को के गोलकीपर यासीन बोनो से टकराकर गोल पोस्ट में चली गई. यह 1974 के बाद वर्ल्ड कप में हैती का पहला गोल था, जिसने हैती टीम के फैंस को झूमने का मौका दिया.



## ब्राजील ने स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया

**मियामी.** ब्राजील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की कर ली. मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में स्टार खिलाड़ी विनीसियस जूनियर ने दो गोल दागे, जबकि मैथियस कुन्हा ने एक गोल किया. इस मुकाबले में नेमार की लंबे समय बाद ब्राजील की टीम में वापसी हुई. ब्राजील ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और स्कॉटलैंड पर लगातार दबाव बनाए रखा. मैच के छठे मिनट में ही ब्राजील ने 1-0 की बढ़त हासिल की. स्कॉटलैंड के डिफेंस से हुई गलती का फायदा उठाते हुए विनीसियस जूनियर ने शानदार गोल दागा. विनीसियस ने यह टूर्नामेंट का अपना चौथा गोल दागा और वह इस गोल के साथ ही गोल्डन बूट की रेस में शामिल हो गए हैं.



## मैक्सिको ने चेकिया को 3-0 से हराया

**मेक्सिको सिटी.** सह-मेजबान मेक्सिको ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह बना ली है. ग्रुप एक के मुकाबले में मेक्सिको ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चेकिया को 3-0 से हराया. मेक्सिको ने ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए नॉकआउट स्टेज में अपनी जगह बनाई है. यह पहला मौका है जब मेक्सिको ने वर्ल्ड कप में अपने तीनों ग्रुप-स्टेज मैच जीते हैं, और यह भी पहली बार है जब उन्होंने 1970 के बाद से अपने सभी ग्रुप-स्टेज गेम्स में क्लीन शीट रखी है. मेक्सिको सिटी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मेक्सिको की टीम शुरू से ही बेहतरीन लय में दिखाई दी. हालांकि, शुरुआत में चेकिया ने आक्रामक खेल दिखाया और कुछ मौके बनाए, लेकिन वे उन्हें गोल में तब्दील करने में नाकाम रहे. मैच के 8वें मिनट में डेनिस विसिंस्की ने एक अच्छा शॉट लगाया, जो गोल पोस्ट के ऊपर से चला गया.



## एडिडास का सबसे बड़ा चेहरा बने मेसी

फुटबॉल इतिहास में लिओनेल मेस्सी और एडिडास की साझेदारी को खेल मार्केटिंग की सबसे सफल कहानियों में से एक माना जाता है। यह रिश्ता सिर्फ एक खिलाड़ी और स्पॉन्सर का नहीं, बल्कि एक ऐसे ग्लोबल ब्रांड इकोसिस्टम का हिस्सा बन चुका है, जिसने फुटबॉल की दुनिया में विज्ञापन और ब्रांड वैल्यू की परिभाषा बदल दी है. कहानी की शुरुआत उस समय हुई जब मेसी अपने करियर के शुरुआती दौर में थे और दुनिया भर के स्पोर्ट्स ब्रांड्स की नजर उन पर थी. इसी दौरान नाइके और एडिडास के बीच प्रतिस्पर्धा तेज थी, लेकिन बताया जाता है कि नाइकी की रणनीतिक चूक ने एक बड़ा मौका खो दिया. इसी खाली जगह का फायदा एडिडास ने उठाया और मेसी को अपने साथ जोड़ने में सफलता हासिल की. इसके बाद एडिडास ने मेसी को केवल एक खिलाड़ी के रूप में नहीं, बल्कि अपने ग्लोबल फेस के रूप में विकसित किया. धीरे-धीरे यह साझेदारी फुटबॉल इतिहास की सबसे स्थिर और लाभदायक डील्स में शामिल हो गई. मेसी के हर बड़े टूर्नामेंट, हर क्लब सफलता और हर व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ एडिडास की ब्रांड वैल्यू भी लगातार बढ़ती गई.

## एशियन गेम्स : ज्योति की दमदार दावेदारी

**भुवनेश्वर, 25 जून. ज्योति याराजी ने बुधवार को नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी की. ज्योति ने ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप में 100 मीटर हर्डल्स रेस जीती.**




ज्योति ने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग स्टैंडर्ड (13.34 सेकेंड) को आसानी से पार कर लिया. उन्होंने हीट में 13.14 सेकेंड का समय निकाला और फिर फाइनल में 12.99 सेकेंड के साथ 13 सेकेंड से कम का समय निकाला.

इस इवेंट में 12.78 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ भारत का नेशनल रिकॉर्ड रखने वाली ज्योति याराजी, पिछले साल जुलाई में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) की सर्जरी के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही थीं. नंदिनी के और प्रज्ञान प्रशांति साहू ने 100 मीटर हर्डल्स रेस में क्रमश: 13.22 सेकेंड और 13.48 सेकेंड का समय लेकर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया. नंदिनी ने हीट्स में 13.24 सेकेंड का समय निकाला और फाइनल में इसे बेहतर करते हुए 13.22 सेकेंड का समय लिया, जिससे उन्होंने एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग मार्क भी हासिल कर

## एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए 60 सदस्यीय दल

- भारत की कुश्ती टीम पटाया के लिए तैयार

**नई दिल्ली, 25 जून. भारत ने आगामी 2026 अंडर-15 और अंडर-20 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए 60 सदस्यीय मजबूत टीम की घोषणा कर दी है, जो देश के युवा कुश्ती प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय मंच साबित होने जा रहा है.**

यह प्रतियोगिता 27 जून से 5 जुलाई, 2026 तक थाईलैंड के पटाया में आयोजित होगी, जिसमें पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन और महिला कुश्ती के मुकाबले शामिल रहेंगे. भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा चयनित इस टीम में देश के मौजूदा कॉन्टिनेंटल चैंपियन, अनुभवी घरेलू लीग खिलाड़ी और उभरते जूनियर प्रतिभाशाली पहलवानों को शामिल किया गया है. अंडर-15 वर्ग के मुकाबले कल से शुरू होंगे, जो युवा खिलाड़ियों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने का अवसर देंगे.

## फ्रांस कोच देसचैम्प्स विश्व कप से लौटेंगे

**नई दिल्ली, 25 जून.** फीफा वर्ल्ड कप में फ्रांस की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को ग्रुप चरण के निर्णायक मुकाबले से पहले बड़ा झटका लगा है. टीम के मुख्य कोच दिदिएर देशकाम्पस अपनी मां के निधन के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अचानक फ्रांस लौट रहे हैं, जिसके कारण वह नॉर्वे के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच में टीम के साथ मौजूद नहीं रहेंगे. फ्रांसीसी फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को आधिकारिक बयान जारी कर इस स्थिति की पुष्टि की.



## वर्ल्ड कप शेड्यूल से बदला टी20 कार्यक्रम

- आयरलैंड-भारत टी20 मुकाबले अब पहले होंगे शुरू

**डबलिन, 25 जून. क्रिकेट आयरलैंड ने बुधवार देर रात पुष्टि की कि भारत के खिलाफ दो टी 20 मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे शुरू होंगे, जो भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे है. आम तौर पर, भारत के टी20 इंटरनेशनल मैच शाम 7 बजे शुरू होते हैं, लेकिन इस बार 28 जून को होने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया महिला वर्ल्ड कप मैच को देखते हुए शुरुआत का समय जानबूझकर एक घंटा पहले कर दिया गया है.**

हरमनप्रीत कौर की भारतीय टीम का वह अहम मैच लॉर्ड्स में शाम 7 बजे शुरू होना है. स्पिनी कप के लिए खेले जाने वाले ये दो मैच फिर भी कुछ हद तक टकराएंगे, लेकिन समय में यह बदलाव ओवरलैप को कम से कम आंशिक रूप से कम करने के लिए किया गया है. क्रिकेट आयरलैंड ने क्रिकबज को पुष्टि की कि भारत के मैचों के शुरू होने का समय तय करते समय महिला वर्ल्ड कप मैच को ध्यान में रखा गया है. शुक्रवार (26 जून) और रविवार (28 जून) को होने वाले इन मैचों के आयोजक क्रिकेट आयरलैंड ने भारतीय मीडिया पार्टनर, सोनी स्पोर्ट्स के साथ इस मामले पर चर्चा की थी. सोनी स्पोर्ट्स टकराव को कम करने के लिए बदले हुए समय पर सहमत हो गया है.

## खेलो इंडिया एथलीटों के लिए नया नियम लागू

- डोपिंग के खिलाफ बड़ा कदम, मांडविया का ऐलान

**नई दिल्ली, 25 जून. भारत में खेलों में पारदर्शिता और निष्पक्षता को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने एंटी-डोपिंग जागरूकता को लेकर बड़ा कदम उठाया है.**

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडविया ने घोषणा की है कि अब नेशनल गेम्स और खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी एथलीटों के लिए एंटी-डोपिंग जागरूकता सत्र अनिवार्य होंगे. यह फैसला नई दिल्ली में नेशनल डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी की समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया, जहां इसकी क्षमता, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई. मंत्री ने कहा कि डोपिंग भारतीय खेलों के लिए एक गंभीर चुनौती है और इसे केवल दंडात्मक कार्रवाई से नहीं रोका जा सकता, बल्कि इसके लिए शुरुआती स्तर पर शिक्षा और जागरूकता बेहद जरूरी है.

## 135वां डूरंड कप 25 जुलाई से होगा शुरू

**नयी दिल्ली, 25 जून.** डूरंड कप 138 वर्षों की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाते हुए अपने ऐतिहासिक 135वें संस्करण के साथ 25 जुलाई से 23 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जाएगा. एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट और दुनिया की तीसरी सबसे पुरानी लगातार आयोजित होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता इस बार भी दो विदेशी टीमों सहित कुल 24 प्रतिष्ठित टूर्नामेंट भारतीय फुटबॉल में अपनी ऐतिहासिक और अहम पहचान को एक बार फिर मजबूत करेगा.

## एशियाई खेलों में भारत की सर्फिंग टीम घोषित

**नई दिल्ली, 25 जून. भारत ने एशियाई खेल 2026 के लिए अपनी सर्फिंग टीम की घोषणा कर दी है, जो देश के लिए इस खेल में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. पहली बार सर्फिंग को एशियाई खेलों में शामिल किया गया है और भारत ने इस ऐतिहासिक मौके के लिए अपनी मजबूत टीम तैयार की है.**

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की चयन समिति द्वारा घोषित टीम में पुरुष और महिला दोनों वर्गों से दो-दो मुख्य खिलाड़ी शामिल किए गए हैं.



> पुरुष वर्ग में किशोर कुमार और शिवराज बाबू को जगह मिली है, जबकि महिला वर्ग में कमाली मूर्ति और शुगर शांति बनारसे को चयनित किया गया है. यह चारों खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं .पुरुष टीम में किशोर कुमार का नाम खास तौर पर उल्लेखनीय है, जिन्होंने 2025 एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था.

**मुकाबला** बेलफास्ट में शुरू हो रही दो मैचों की टी 20 सीरीज में आयरलैंड का सामना करेगा भारत

## वैभव सूर्यवंशी तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

**डबलिन, 25 जून. भारतीय क्रिकेट टीम टी 20 विश्व कप को सफलतापूर्वक डिफेंड करने के बाद पहली बार टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेगी. टीम इंडिया शुक्रवार से बेलफास्ट में शुरू हो रही दो मैचों की टी 20 सीरीज में आयरलैंड का सामना करेगी. सीरीज के दोनों मुकाबलों का भारत में लाइव टेलीकास्ट और लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध होगी. दोनों मैच बेलफास्ट के स्टॉर्मोंट क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे.**




श्रेयस अय्यर को नया टी 20 कप्तान नियुक्त किया गया है और वे सूर्यकुमार यादव की जगह टीम की कमान संभालेंगे. सूर्यकुमार यादव को मार्च में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाने के बावजूद इस सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है. श्रेयस अय्यर ने भारत के लिए अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में खेला था. हालांकि, उनके पास कप्तानी का भरपूर अनुभव है.

> उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जिताया था और इसके बाद पंजाब किंग्स को 2025 में फाइनल तक पहुंचाया. टीम के उपकप्तान के रूप में तिलक वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है. उन्होंने यह भूमिका अक्षर पटेल से संभाली है, जो इस सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं. सबसे ज्यादा नजरें युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी पर होंगी. किशोर बल्लेबाज को पहली बार भारतीय सीनियर टीम में शामिल किया गया है.

## भारत ने कुल 25 मेडल के साथ मेडल टैली में टॉप किया

**सुहल, 25 जून.** भारतीय शूटर्स ने जर्मनी के सुहल में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 का समापन 25 मेडल के साथ किया. गुरुवार को उन्होंने 50मी पिस्टल इवेंट - जो कि नॉन-ओलंपिक इवेंट है - में चार और मेडल जीते. पुरुषों के 50मी पिस्टल शूटिंग इवेंट में, भारत के राज चंद्र ने 551-8 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता. कुमार योगेश चौथे स्थान पर रहे. कुमार योगेश, प्रतीक और अभिनव चौधरी की भारतीय तिकड़ी ने टीम कैटेगरी में 1610-15× के कंबाइंड स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता.

## सुदर्शन की पारी से भारत ए मजबूत

**नई दिल्ली, 25 जून. गॉल में खेले जा रहे इस अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन भारत ए ने अपने बल्लेबाजों के दम पर पूरी तरह दबदबा बना लिया. श्रीलंका ए के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने संयम, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण दिखाया और दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट पर 333 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया.**

पारी की नींव सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने रखी, जिन्होंने शुरुआत से ही गेंद को बेहद आत्मविश्वास के साथ खेला.



उन्होंने 175 गेंदों में 132 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 19 चौके शामिल थे. उनकी बल्लेबाजी में टाइमिंग और शॉट चयन दोनों ही उच्च स्तर के नजर आए.

> एक तरफ जहां शुरुआती झटकों से टीम थोड़ी दबाव में आई, वहीं सुदर्शन ने जिम्मेदारी संभालते हुए पारी को स्थिरता दी और बड़े स्कोर की ओर बढ़ाया. मध्यक्रम में कप्तान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने टीम को संभालने का काम किया. उन्होंने नाबाद 68 रन बनाए और पारी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई. उनका खेल धैर्यपूर्ण रहा और उन्होंने जोखिम लेने के बजाय साझेदारी बनाने पर ध्यान दिया. उनके साथ शेख रशीद ने भी बेहतरीन समर्थन दिया. रशीद ने 92 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाए और जुरेल के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 116 रन की अविजित साझेदारी की.